Postal Reg. No. : XXXXXXXXX

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 2

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 4

मूल्य 300 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

26 जनवरी 2017 ई

27 रबीउस्सानी 1438 हिजरी कमरी

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

इस्लाम के स्वीकार करने से नूर के चश्मे मेरे अंदर बह रहे हैं मुझे दिखलाया और बतलाया गया और समझाया गया है कि दुनिया में केवल इस्लाम ही सच्चा है

उपदेश हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

मैं देखता हूँ कि इस्लाम के स्वीकार करने से नूर के चश्मे मेरे अंदर बह रहे हैं और केवल रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मुहब्बत के कारण वे उच्च स्थान इलाही संवाद और दुआओं की कुबूलियत का मुझे मिला है कि सिवाय सच्चे नबी के आज्ञाकारी के और किसी को प्राप्त नहीं हो सकेगा और यदि हिंदू और ईसाई आदि अपने मिथ्य देवताओं से दुआ करते करते मर भी जाएं तब भी उन्हें वह स्थान नहीं मिल सकता और वह इलाही कलाम जो अन्य ज़न्नी रूप मानते हैं उस को सुन रहा हूँ और मुझे दिखलाया और बतलाया गया और समझाया गया है कि दुनिया में केवल इस्लाम ही सच्चा है और मेरे पर प्रकट किया गया कि यह सब कुछ हज़रत ख़ातमुल अंबिया सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आशीर्वाद तथा पालन से तुझ को मिला है और जो कुछ मिला है उसकी मिसाल दूसरे धर्मों में नहीं क्योंकि वह मिथ्य पर हैं। अब अगर कोई सच्चाई का इच्छुक है, चाहे वह हिंदू है या ईसाई या आर्य या यहूदी या ब्रह्मो या कोई और है इस लिए यह ख़ूब अवसर है जो मेरे विरुद्ध खड़ा हो जाए तो वह भविष्य के मामलों के प्रकट होने और दुआओं के स्वीकार होने में मेरा मुकाबला कर सका तो मैं सामर्थयवान अल्लाह की कसम खाकर कहता हूँ कि अपनी सारी अचल संपत्ति जो दस हज़ार रुपए के करीब होगी उस को दूंगा, जिस रूप से उसकी तसल्ली हो सके इसी रूप से अदा करने में उसे तसल्ली दूँगा ।

(आइना कमालाते इस्लाम, रूहानी खज़ायन, भाग 5, पृष्ठ 276)

☆ ☆ ☆

122 वां जलसा सालाना कादियान 2016 ई की संक्षिप्त रिपोर्ट (शुरू जलसा से 125 वां साल)

अहमदियत के केंद्र कादियान दारुल अमान में 122 वें जलसा सालाना का सफल और मुबारक आयोजन

मुस्लिम टेलीविज़न अहमदिया द्वारा सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ का जलसा सालाना में सम्मिलित लोगों से अन्तिम सत्र में ईमान वर्धक संबोधन

*** 42 देशों से मेहमानों की भागीदारी, 14,242 अहमदियत के परवानो का जलसा में शामिल होना**

*** हुज़ूर अनवर के समापन भाषण के अवसर पर लंदन में 5,230 अहमदियत के परवानों का शामिल होना**

***नमाज़ तहज्जदु* दर्स कुरआन और ज़िक्रे इलाही से परिपूर्ण माहौल * उलमाए कराम की ज्ञान वर्धक तकारीरें *जलसा सर्व धर्म सम्मेलन का आयोजन *महमानों की परिचयात्मक तकारीरें * देशी तथा विदेशी भाषाओं में अनुवाद *अहबाब जमाअत की जानकारी बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण मामलों में वृद्धि के लिए वृत्तचित्र और विभिन्न सूचना सम्बन्धी प्रदर्शनी का आयोजन *नए अहमदियों और मित्रों के लिए तब्लीग़ी जलसा * 26 निकाहों के एलाना *प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जलसा की व्यापक कवरेज *शान्तिमय और सुखद मौसम में जलसा की सारी कार्रवाई का पूरा होना* अलकलम परियोजना का आयोजन *जमाअत अहमदिया इंडोनेशिया से 183 व्यक्ति चार्टर्ड जहाज़ द्वारा जलसा में शामिल हुए। (भाग-1)**

कार्यकर्ताओं का निरीक्षण

अल्हम्दो लिल्लाह कि जलसा सालाना कादियान 2016 ई से संबंधित कार्यकर्ताओं का निरीक्षण दिनांक 22 दिसंबर 2016 ई को हुआ। हुज़ूर अनवर के प्रतिनिधि मुहतरम मौलाना मोहम्मद इनाम ग़ौरी साहिब नाज़िर आला और अमीर मकामी कादियान ने ठीक 10 बजे अहमदिया ग्राउंड में कार्यकर्ताओं से हाथ मिला कर किया। जलसा से सभी कार्यकर्ता समय से पहले ही लाइनों में खड़े हो चुके थे। औरतों को भी पर्दे की छूट से इस समारोह में शामिल होने का प्रबंध था।

मंच पर प्रतिनिधि हुज़ूर अनवर के साथ आदरणीय शोएब अहमद साहिब (अफसर जलसा सालाना), साहिब मुज़फ्फर अहमद नासिर साहिब (अफसर जलसा गाह),साहिब रफीक अहमद बैग साहिब (अफसर ख़िदमत ख़लक), आदरणीय हाफिज़ मख़दूम शरीफ साहिब, आदरणीय मुहम्मद नसीम ख़ान साहिब , आदरणीय ताहिर अहमद तारिक साहिब (उप अधिकारी जलसा स्थल) आदरणीय अब्दुल वकील नियाज़ साहिब, आदरणीय हाफिज़ मज़हर अहमद साहिब, आदरणीय मज़हर अहमद वसीम साहिब, आदरणीय एम अबू बकर साहिब, आदरणीय हबीब रहमान खान साहिब और आदरणीय फरीद अहमद इंजीनियर साहिब (उप अधिकारी जलसा सालाना) मौजूद थे।

तिलावत कुरआन आदरणीय मुरशिद अहमद डार साहिब मुरब्बी सिलसिला ने की। आप ने सूर: अलबक़रा: के अंतिम रुकूअ की तिलावत और अनुवाद भी पेश किया।

बाद में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ के प्रतिनिधि ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। आपने कहा कि हमारा यह जलसा सालाना इलाही जलसा है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि अल्लाह तआला ने इसके लिए क़ौमें तैयार हैं जो शीघ्र ही इसमें आ मिलेंगी। आने वाले सभी मेहमान केवल अल्लाह तआला के लिए इस जलसा के लिए आ रहे हैं इसलिए उन के

शेष पृष्ठ 2 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रैस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

पृष्ठ 1 का शेष

आराम का हर संभव ख्याल रखना हमारा फर्ज़ है। हम इस जलसा की तैयारी के लिए यहाँ इकट्ठा हैं दुआ करनी चाहिए कि अल्लाह तआला हमें यथा सम्भव इस ज़िम्मेदारी को निभाने की ताकत प्रदान करे। आपने कहा कि सम्मेलन की व्यवस्था के तीन विभाग हैं । निवास तथा खाना। नमाज़ें, दर्स और जलसा के भाषणों आदि और समाज सेवा।

आप ने जलसा के कार्यकर्ताओं को डयूटियों से संबंधित कुछ मामलों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा:

*प्रत्येक स्वयं सेवी अपनी ड्यूटी पर मौजूद रहे और पूरी ज़िम्मेदारी से निभाए। लापरवाही करने वालों को आयोजक प्यार से ध्यान दिलाएं। * समस्त स्वयं सेवकों का कर्तव्य है कि जो भी संसाधन हैं उनसे लाभ उठाते हुए पूरी ज़िम्मेदारी से डयूटयाँ निभाते हैं। *निवास स्थान कमरों और ग़ुसल खानों आदि की सफाई का विशेष ध्यान रखें इन की हर समय निगरानी होती रहनी चाहिए। *सैक्योरटी के बारे में भी आपने ध्यान दिलाया और फ़रमाया हुज़ूर अनवर हमेशा यह ध्यान दिलाते रहते हैं कि यह क्षेत्र बहुत महत्त्वपूर्ण है। ज़िम्मेदारी, जागरूकता और मोमिनाना कुशलता के साथ यह ड्यूटी दें। *तमाम डयूटियाँ बहुत ख़ुशी से अदा करें ताकि किसी भी मेहमान को बुरा न लगे। *हर क्षेत्र के प्रशासक या उप व्यवस्थापक में से कोई एक बहरहाल मौके पर मौजूद रहे। *तमाम आयोजकों को यह ध्यान रखना चाहिए कि हालांकि ये देश का जलसा है लेकिन हर साल यह नज़ारा देख सकते हैं कि विभिन्न देशों के लोग यहां आते हैं। इन को गाइड करना बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है। * हुज़ूर अनवर की दुआएं और मार्गदर्शन हमारे साथ हैं। आप से सभी क्षेत्रों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त हो रही है। ज़रूरत इस बात की है कि हम अल्लाह तआला का शुक्र करें कि हमें सेवा का मौका मिला है। पूरी ज़िम्मेदारी से यह कुछ दिन गुज़ारें। अल्लाह तआला से दुआ है कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की दुआ आने वाले मेहमानों और हम सब के पक्ष में पूरी हों।

अंत में आप ने हुज़ूर अनवर की जलसा सालाना से संबंधित कुछ हिदायतें पढ़ कर सुनाईं जो हुज़ूर अनवर ने निरीक्षण कार्यकर्ता जलसा सालाना यू.के 2016 के अवसर पर वर्णन की थीं। हुज़ूर अनवर ने कहा कि "जो भी काम हम करते हैं अल्लाह तआला की लिए करते हैं, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम मेहमानों के लिए करते हैं। इसलिए इस उद्देश्य के लिए, अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करने के लिए कार्यों के साथ साथ हमारे आचरण भी अच्छे होने चाहिए और हमेशा हमें मुस्कुराते चेहरे के साथ सेवा करनी चाहिए। मानव काम और प्रशासनिक कार्यों में कमियां रह जाती हैं और सुधार की गुंजाइश हमेशा होती है। लेकिन फिर भी जिस तरह हम अपने कामों में, व्यवस्था में सुविधाएं और संवर्द्धन पैदा करते चले जा रहे हैं उसी तरह हमें अपने आचरण के मानकों को भी बुलंद करते चले जाने की ज़रूरत है।

आमतौर पर अल्लाह तआला की कृपा से सब कार्यकर्ता बड़ी ख़ुशी से काम करते हैं और लोग आप के कामों से बड़े प्रभावित भी होते हैं। लेकिन कई बार एकाध की ग़लती पूरी टीम पर दाग या धब्बा लगा देने वाली होती है। इसलिए हर सहयोगी, हर कार्यकर्ता, उपाध्यक्ष भी, अफसर भी इस बात का ध्यान रखने वाले होने चाहिए कि कहीं भी कोई ऐसी बात न हो जो किसी मेहमान के लिए परेशानी का कारण बने। या कोई ऐसी बात न हो जिससे प्रशासनिक त्रुटि नज़र आए चाहे कुछ मिनट के लिए हो। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को यह भी याद रखना चाहिए कि वह हमेशा मुस्कुराते चेहरे के साथ अच्छी नैतिक के साथ यह सेवा करनी है। अल्लाह तआला आप सभी को इसकी ताकत भी प्रदान करे।

सुरक्षा के बारे में फरमाया प्रत्येक कार्यकर्ता का भी कर्तव्य है कि अपने क्षेत्र में हर तरफ नज़र रखे और किसी भी मामूली बात से अनदेखी न करे। आजकल अगर किसी बात को कम समझा जाए तो छोटी से छोटी बात भी बड़े नुकसान का कारण बन जाती है। और दुनिया में जो कुछ मानवता के नाम पर बट्टा लगाने वाले लोग, वो लोग जो इस्लाम के नाम पर अत्याचार कर रहे हैं इंसानी जानों को बर्बाद कर रहे हैं, वे छोटी कमियों की खोज में रहते हैं कि जहां कमी नज़र आए, वहाँ नुकसान पहुंचाया जाए।

हमेशा यह याद करवाने भी ज़रूरत पड़ती है क्योंकि बहुत सारे कार्यकर्ता ऐसे हैं जो नमाज़ के समय जमाअत के साथ नमाज़ अदा नहीं कर सकते। फिर अपने अपने क्षेत्र में अधिकारियों को इस बात पर अमल कराना चाहिए कि उनके क्षेत्र में जहां जहां उनके कार्यालयों या इससे क़रीब जो भी कार्यकर्ता हैं जब समाप्त हो तो बा जमाअत नमाज़ पढ़ा करें। क्योंकि हमारे काम बिना दुआओं के अदा नहीं हो सकते और इस बात से हमें, प्रत्येक को हर समय ध्यान देना चाहिए और यही हमारी सफलता और तरक्की का रहस्य है कि अल्लाह तआला का फज़ल हमारे साथ होता है और अल्लाह तआला के फज़ल को अवशोषित करने के लिए उसके सामने झुकना भी आवश्यक है।

(अल्फज़ल इंटरनेशनल, 26 अगस्त 2016, पृष्ठ 10)

दुआ के साथ कार्यकर्ताओं का निरीक्षण समारोह संपन्न हुआ और नियमित जलसा सालाना की डियूटियां शुरू हुईं।

26 दिसंबर 2016 (सोमवार) पहला दिन- पहला सत्र

सुबह काफी कोहरा होने के बावजूद अहमदियत के आशिक़ जलसा से एक घंटा पहले ही सुरक्षा के कई चरणों से गुज़रते हुए धैर्य के साथ जलसा स्थल में दाख़िल हुए। सुबह ठीक दस बज कर पांच मिनट पर हज़ूर अनवर प्रतिनिधि आदरणीय मौलाना जलालुद्दीन नय्यर साहिब सदर सदर अंजुमन अहमदिया कादियान ने लिवाए अहमदियत लहरा कर दुआ करवाई। जिस के बाद स्टेज से नारे बुलंद हुए जिन का जोश के साथ लोगों ने जवाब दिया।

आदरणीय मौलाना जलालुद्दीन नय्यर साहिब सदर सदर अंजुमन अहमदिया कादियान ने इस बैठक की अध्यक्षता फ़रमाई। तिलावत कुरआन से जलसा की शुरुआत हुई। आदरणीय तारिक अहमद लोन साहिब ने सूरा: अलअनबिया की आयत नंबर 20 से 26 की तिलावत और अनुवाद भी पढ़कर सुनाया। बाद ही सदर जलसा ने संबोधन फरमाया।

आप ने सभी जलसा सालाना में शामिल होने वालों को जलसा सालाना की मुबारकबाद पेश करते हुए जलसा सालाना के उद्देश्य बयान किए और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और ख़ुल्फाए किराम के उपदेशों के प्रकाश में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बेअसत के उद्देश्य और हमारी ज़िम्मेदारियों की ओर ध्यान दिलाया। अपने संबोधन के अंत में आप ने वार्षिक इजतिमा मजलिस अंसारुल्लाह भारत 2016 ई के अवसर पर प्राप्त हुए हुज़ूर अनवर का संदेश पढ़कर सुनाया जिसमें हुज़ूर अनवर ने ख़िलाफत से मज़बूत संबंध स्थापित करने की नसीहत फ़रमाई है। ख़िताब के अंत में सदर महोदय ने दुआ करवाई और जलसा का पहला सत्र शुरू हुआ। इसके बाद आदरणीय ख़ालिद वालिद साहिब ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का कलाम

वह देखता है ग़ैरों से क्यों दिल लगाते हो
जो कुछ बुतों में पाते हो उसमें वह क्या नहीं

अच्छी आवाज़ से पढ़कर सुनाया।

इसके बाद आदरणीय मौलाना ज़हीर अहमद ख़दिम साहिब नाज़िर दाअवत इलल्लाह जुनूबी हिन्द ने "विभिन्न और धर्मों में तौहीद बारी तआला" के विषय पर भाषण दिया। आप ने सूर: आले इमरान की आयत 65 की रोशनी में कहा कि ख़ुदा तआला को पहचानने के लिए सबसे पहले उसकी ज़ात और विशेषताओं का ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है। आपने हज़रत मसीह मौऊद के एक उद्धरण के हवाले से कहा कि वास्तवित तौहीद के तीन किस्में हैं। प्रथम ज़ात के बारे में द्वितीय विशेषताओं के आधार पर तीसरा अपनी मुहब्बत और ईमानदारी और वफादारी के मामले में किसी को साझी न गिनना और इसी में खो जाना। आप ने हिन्दू धर्म, ईसाई, सिख धर्म और इस्लाम की रोशनी में एकेश्वरवाद का वर्णन कर के इस संबंध में हज़रत मसीह मौऊद हज़रत ख़लीफतुल मसीह राबे हज़रत ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला के उपदेशों को पेश किए और कहा कि दुनिया में शांति की स्थापना के लिए आवश्यक है कि ख़ुदा तआला पर पूर्ण ईमान हो और तौहीद को स्वीकार किया जाए। आख़िर में किश्ती नूह से एक उद्धरण पेश करके आप ने तकरीर को समाप्त किया।

इस बैठक की दूसरी तकरीर आदरणीय मौलाना मुहमद इनाम ग़ौरी साहिब नाज़िर आला तथा अमीर स्थानीय कादियान ने "सीरत आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम व इंसाफ़ की रोशनी में " के विषय पर की। आप ने सूर: अलमाइद: आयत 9 की तिलावत की और कहा कि कुरआन में न्याय के लिए दो शब्द अदल और किस्त का इस्तेमाल हुआ है। दो आदमियों में समान व्यवहार को न्याय कहा जाता और "किस्त" दूसरे से तुलना के साथ होता है। आप ने आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बेसत से पहले की स्थिति और अत्याचार का ज़िकर किया और कहा कि आपने ने बर्बरों को ख़ुदानुमा मनुष्य बनाया। इस संदर्भ में आपने हज़रत मसीह मौऊद के कुछ उद्धरण प्रस्तुत किए। इसी प्रकार घरेलु जीवन में आपके अदल

शेष पृष्ठ 12 पर

ख़ुत्बः जुमअः

रबीउल अव्वल का महीना वह महीना है जिसमें हमारे आक़ा और मालिक हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का जन्म हुआ लेकिन अफसोस है मुसलमानों की स्थिति पर कि मनाते तो यह दिन मानवता के उपकारक और रहमतुन लिल आलमीन के जन्म की ख़ुशी में हैं लेकिन आपस में मुसलमान قُلُوْبُهُمْ شَتّٰى (अलहशर :15) कि उनके दिल फटे हुए हैं, के मिसदाक़ बने हुए हैं। प्राय एक दूसरे के ख़ून के प्यासे हैं। दैनिक ख़बरें आती हैं सैंकड़ों मुसलमान मुसलमानों के हाथों कत्ल हो रहे हैं अल्लाह तआला और उसके रसूल के नाम पर यह सब कुछ बहुत बेशर्मी और निर्लज्जता से किया जा रहा है।

आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस स्थिति का नक्शा खींचकर बताया था कि इस स्थिति में इस्लाम का दर्द रखने वाले मुसलमान निराश न हों ऐसे समय में मसीह मौऊद और महदी मौऊद आ आएगा जो अपने आक़ा के ग़ुलाम के रूप में मुसलमानों को भी, ग़ैर मुस्लिमों को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से सूचित करेगा और इस्लाम की सुंदर और चमकदार शिक्षा से दुनिया को रोशन करेगा और फिर से उम्मत वाहिदा (एक उम्मत) बनाएगा।

हर मुसलमान की यह आस्था है कि और इस पर पूर्ण ईमान के बिना कोई मुसलमान कहला ही नहीं सकता कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ातमन्नबिय्यीन हैं और आप पर शरीयत पूरी हो चुकी है लेकिन यह उपद्रवी मौलवी साधारण जनता की भावनाओं को इस बात से भड़काते हैं कि अहमदी ख़त्मे नबुव्वत पर ईमान नहीं रखते। इस पर सिवाय इन्ना लिल्लाह पढ़ कर लअनतुल्लाह अलल काज़बीन कहा जाए इसके अलावा कुछ नहीं कहा जा सकता। जो अहमदी कहलाते हुए फिर इस बात पर विश्वास नहीं रखता कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ातमन्नबिय्यीन हैं वह अनैतिक संकीर्ण और इस्लाम से बाहर है और जमाअत अहमदिया मुस्लिमा का ऐसे व्यक्ति से कोई संबंध नहीं है। हां यह बात ज़रूर है कि अहमदी ख़त्म नबुव्वत की वह व्याख्या करते हैं जो ख़ुद आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाई थी और जिसे कुरआन में भी अल्लाह तआला ने उल्लेख किया। कि अब कोई नबी नहीं आ सकता जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ग़ुलामी और आप की लाई हुई शरीयत से बाहर हो।

आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के उपदेशों, उलमा तथा बुज़ुर्गान के हवालों और विशेषतः हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मआरिफ वाले, ज्ञान वर्धक उपदेशों की रौशनी में ख़त्मे नबुव्वत और आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के उच्च मकाम का वर्णन।

12 रबीउल अव्वल को लेकर नामूसे रिसालत और ख़त्म नबुव्वत के नाम पर पाकिस्तान में चार दिन पहले दोलमियाल में औबाशों और मौलवियों ने इकट्ठे होकर जुलूस निकाला हमारी मस्जिद पर हमला किया।

सारे संसार में जमाअत अहमदिया की तरफ से आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सीरत तय्यबः के बारे में विभन्न कान्फ्रंसों के आयोजन और मुस्लिम तथा ग़ैर मुस्लिम आदमियों को रहमतुन लिल्आलमीन के हालात से परिचित करने की मुहिम और इस के नेक प्रभावों का ऐतिहासिक वर्णन।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़,
दिनांक 16 दिसम्बर 2016 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ ۔

हम आजकल इस्लामी महीने 'रबीउल अव्वल' से गुज़र रहे हैं। इस्लामी दुनिया विशेष रूप से पाकिस्तान तथा भारत में इस महीने का महत्त्व इसलिए है वैसे तो सारी इस्लामी दुनिया में है लेकिन यहां विशेष रूप से इसे बड़ा मनाया जाता है कि बारह तारीख़ को आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का जन्म हुआ। एक अनुसंधान यह कहता है। फिर हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ियल्लाहो अन्हो ने 'सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन' में लिखा है कि एक मिस्री विद्वान के अनुसंधान के अनुसार 9 रबीउल अव्वल बनती है।

(सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब एम.ए पृष्ठ 93)

बहरहाल रबीउल अव्वल का महीना वह महीना है जिसमें हमारे आक़ा और मालिक हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का जन्म हुआ लेकिन अफसोस है मुसलमानों की स्थिति पर कि यह दिन मनाते तो मानवता के उपकारक और रहमतुन लिल आलमीन के जन्म की ख़ुशी में हैं लेकिन आपस में मुसलमान قُلُوْبُهُمْ شَتّٰى (अलहशर :15) कि उनके दिल फटे हुए हैं, के मिसदाक़ बने हुए हैं। अल्लाह तआला तो मुसलमानों के आपस के संबंध में यह विशेषताएं वर्णन करता है कि رُحَمَآءُ بَيْنَهُمْ (अल्फतह: 30) कि आपस में बहुत अधिक रहम करने वाले हैं लेकिन यह रहम तो दूर की बात है प्राय एक दूसरे के ख़ून के प्यासे हैं। दैनिक ख़बरें आती हैं सैंकड़ों मुसलमान मुसलमानों के हाथों कत्ल हो रहे हैं और यही बातें ऐसी है जो अल्लाह तआला और उसके रसूल को सख्त नापसंद है। अगर अपने तौर पर जुल्म कर रहे हैं तो करें लेकिन यही चीज़ है जो अल्लाह तआला और उसके रसूल के नाम पर हो रही है। मुसलमान मुसलमान को मार रहा है और अल्लाह तआला और रसूल के नाम पर कत्ल कर रहा है। वह ख़ुदा जो सारे संसारों का रब्ब है और रहमान रहीम है वह रसूल जो रहमतुल्लिल आलमीन है उनके नाम पर अत्याचार और बर्बरता के उदाहरण स्थापित करके लाचारों, महिलाओं, बच्चों, मासूमों को घरों से विस्थापित किया जा रहा है नगेंपन और भूख से पीड़ित किया जा रहा है। मानो कि अल्लाह तआला और उसके रसूल के नाम पर यह सब कुछ बहुत बेशर्मी और निर्लज्जता से किया जा रहा है। अल्लाह तआला तो फरमाता है कि एक मुसलमान का जान बूझकर कत्ल करना तुम्हें जहन्नम में ले जाएगा किसी भी निर्दोष की हत्या से तुम जहन्नम की आग से बच नहीं सकते लेकिन यह धार्मिक ठेकेदार और स्वार्थी लीडर सरल और कम ज्ञान मुसलमानों को जन्नत का लालच देकर इस प्रकार के काम में झोंकते चले जा रहे हैं। इस्लाम को इस कदर उन लोगों ने बदनाम कर दिया है कि आज ग़ैर मुस्लिम दुनिया में इस्लाम के नाम पर पहली कल्पना जो ग़ैर मुसलमानों के दिमाग़ों में उभरती है वह जुल्म व बर्बरता है। हां एक बात है जिस पर यह तथाकथित मुस्लिम नेता इकट्ठे होकर या उल्मा इकट्ठे होकर एक दूसरे से सहयोग की बातें और हिदायत करते हैं और वह बात वह है जिसके ख़िलाफ अल्लाह तआला और उसके रसूल ने आदेश दिया है।

अल्लाह तआला के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया था कि जब मुसलमानों की ऐसी हालत हो जाएगी जब मुसलमानों के दिल आपस में फट जाएंगे قُلُوْبُهُمْ شَتّٰى की हालत होगी मुसलमान एक दूसरे के गले काटेंगे। तथाकथित उल्मा जिनके पास मुसलमान यह समझ कर कि उनके पास मार्गदर्शन है मार्गदर्शन के लिए लोग जाएंगे तो उन उलमा की भी यही हालत होगी कि वह भी इन्हीं कामों में व्यस्त होंगे जो ख़ुदा तआला से दूर ले जाने वाले हैं बल्कि उनकी साधारण लोगों से भी बदतर हालत होगी। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया था कि عُلَمَآءُهُمْ شَرُّ مَنْ تَحْتَ اَدِيْمِ السَّمَآءِ अर्थात उलेमा आसमान

के नीचे रहने वाली प्राणियों में से सबसे ख़राब प्राणी होंगे।(अल्जामिअ लेशुअबिल ईमान लिल्बहीकी भाग 3 पृष्ठ 317.318 हदीस 1763 प्रकाशन मक्तब: अर्रशीद बैरूत 2004ई) क्यों? इसलिए फरमाया कि यह फ़ित्ने पैदा करने वाले होंगे। इन में से फ़ित्ने फूटेंगें और यही हम आज उल्मा के बहुमत में देख रहे हैं कि बजाय आग बुझाने के ये लोग आग लगाने वाले हैं। तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस स्थिति का नक्शा खींचकर बताया था कि इस स्थिति में इस्लाम का दर्द रखने वाले मुसलमान निराश न हों ऐसे समय में मसीह मौऊद और महदी मौऊद आ आएगा जो अपने आक़ा के ग़ुलाम के रूप में मुसलमानों को भी, ग़ैर मुस्लिमों को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से सूचित करेगा और इस्लाम की सुंदर और चमकदार शिक्षा से दुनिया को रोशन करेगा और फिर से उम्मत वाहिदा (एक उम्मत) बनाएगा लेकिन जैसा कि मैंने कहा इसी बात से यह उलेमा इन्कार कर रहे हैं और लोगों को भी साधारण मुसलमानों को भी ग़लत बातें बताकर फसाद की स्थिति पैदा करने की कोशिश करते हैं लोगों की भावनाओं से खेलते हैं और उन्हें वे बातें फसाद पैदा करने के लिए बताते हैं कि जिनका अस्तित्व ही नहीं है।

हर मुसलमान की यह आस्था है कि और इस पर पूर्ण ईमान के बिना कोई मुसलमान कहला ही नहीं सकता कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ातमन्नबिय्यीन हैं और आप पर शरीयत पूरी हो चुकी है लेकिन यह उपद्रवी मौलवी साधारण जनता की भावनाओं को इस बात से भड़काते हैं कि अहमदी ख़त्मे नबुव्वत पर ईमान नहीं रखते। इस पर सिवाय इन्ना लिल्लाह पढ़ कर लअनतुल्लाह अलल काज़बीन कहा जाए इसके अलावा कुछ नहीं कहा जा सकता। जो अहमदी कहलाते हुए फिर इस बात पर विश्वास नहीं रखता कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ातमन्नबिय्यीन हैं वह अनैतिक संकीर्ण और इस्लाम से बाहर है और जमाअत अहमदिया मुस्लिमा का ऐसे व्यक्ति से कोई संबंध नहीं है। हां यह बात ज़रूर है कि अहमदी ख़त्म नबुव्वत की वह व्याख्या करते हैं जो ख़ुद आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाई थी और जिसे कुरआन में भी अल्लाह तआला ने उल्लेख किया। कि अब कोई नबी नहीं आ सकता जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ग़ुलामी और आप की लाई हुई शरीयत से बाहर हो।

एक अवसर पर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि अबूबकर इस उम्मत में सबसे बेहतर हैं, सिवाय इसके कि कोई नबी आए।

(कुनज़ुल उम्माल भाग 11 पृष्ठ 251 किताबुल फज़यल ज़िक्रे सहाबा फज़लहूम हदीस 1763 प्रकाशन मक्तब: अर्रशीद बैरूत 2004 ई)

अत: आप ने नबुव्वत का रास्ता बंद नहीं फरमाया लेकिन आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दायरे से बाहर निकल कर कोई नबी नहीं आ सकता। कोई नई शरीयत नहीं आ सकती और हम अगर हज़रत मिर्ज़ा गुलाम अहमद साहिब कादियानी अलैहिस्सलाम को मसीह और महदी की स्थिति नबी भी मानते हैं तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पूर्ण ग़ुलामी में रखते हुए मानते हैं और यही पुराने उल्मा का भी तरीका था

अत: शाह वलीउल्लाह देहलवी अपनी किताब 'तफहीमात इलाहिया' मैं लिखते हैं कि "मुझ पर नबी समाप्त किए गए" (यह कथन आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का है,)इसका मतलब यह नहीं है कि ऐसा कोई व्यक्ति नहीं आएगा जिसे अल्लाह तआला लोगों के लिए शरीयत देकर भेजे।(अत्तफहीमात इलाहिया शाह वली उल्लाह देहलवी जिल्द 2 पृष्ठ 85 मक्तबा हैदरी लाहौर 1967 ई) इसका मतलब सिर्फ यह है कि कोई ऐसा नबी नहीं आएगा जो शरीयत ले कर आए इस के बिना आ सकता है।

इसी तरह हज़रत आयशा रज़ियल्लाहो अन्हा ने फरमाया कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ख़ातमल अंबियाअ तो कहो लेकिन यह मत कहो कि आपके बाद कोई नबी नहीं आएगा।

(अद्दुर्रुल मंसूर जिल्द 5 पृष्ठ204 तफसीर सूरह अल्अहज़ाब प्रकाशन दारुल मअरफत बैरूत)

अत: हम अगर मिर्ज़ा गुलाम अहमद कादियानी अलैहिस्सलाम को मसीह मौऊद मानते हुए नबी का दर्जा देते हैं तो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ग़ुलामी के कारण। इसलिए उलमा जो समय समय पर साधारण जनता को इस संवेदनशील बात पर उभारते रहते हैं कि अहमदी या जो लोग यह कहते हैं कादियानी मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद अलैहिस्सलाम को नबी मानते हैं तो यह उनकी बातें केवल फित्ना के कुछ नहीं।

पाकिस्तान सरकार को यह बड़ा गर्व है कि उन्होंने 90 वर्षीय उस ज़माने में जब कानून पास हुआ था और अब उसे 125 साल हो गए यह मस्ला खत्म नबुव्वत का मस्ला था उसे हल कर दिया और इस बात पर पाकिस्तान में उलेमा भी और कुछ सरकारी कर्मचारी भी लोगों की भावनाओं को उभारते रहते हैं तो यह तो उनकी वह स्थिति है जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भविष्यवाणी फरमाई थी जन साधारण बजाय अपने उन उल्मा की बातें सुनने के ये देखें औ उन को यह देखना चाहिए कि क्या ज़माना इस बात को नहीं चाहता कि एक मुस्लेह आए जिसकी आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भविष्यवाणी फरमाई थी और मुसलमानों को उम्मत वाहिदा बनाए। निश्चित रूप से यह ज़माना है और अल्लाह तआला ने अपना वादा पूरा कर दिया है और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की भविष्यवाणी पूर्ण और पूरी हो चुकी है लेकिन इन उल्मा ने नहीं मानना क्योंकि उनके मिम्बर और उनकी जो रोटी लगी हुई है वह उन के हाथ से जाती है। यह मुसलमानों को भी भड़काते रहते हैं और पाकिस्तान में जैसा कि मैंने कहा कि देश का कानून भी उन्हें खुली छुट्टी देता है इसलिए समय-समय पर अहमदियों के ख़िलाफ इस आरोप के कारण सभाएं और गाली गलोच भी करते रहते हैं लेकिन यह अनैतिकता और व्यवहार उन मौलवियों को ही मुबारक हों यह तो यह कर सकते हैं अहमदी ऐसी बेहोदगियों का मुकाबला नहीं कर सकते।

12 रबीउल अव्वल को लेकर नामूसे रिसालत और ख़त्म नबुव्वत के नाम पर पाकिस्तान में चार दिन पहले दोलमियाल में औबाशों और मौलवियों ने इकट्ठे होकर जुलूस निकाला हमारी मस्जिद पर हमला किया। मस्जिद के अंदर अहमदी थे अहमदियों ने आने नहीं दिया अंदर दरवाज़ो बंद थे लेकिन पुलिस के कहने पर जब अहमदियों ने दरवाज़े खोले और पुलिस की इस ज़मानत पर की वह मस्जिद की रक्षा करेंगे तो यह फसाद करने वाले मस्जिद में प्रवेश कर गए और पुलिस एक तरफ हो गई और फिर उन्होंने मस्जिद का सामान बाहर निकालकर जलाया और इस प्रकार उन्होंने अपने विचार में में इस्लाम की बहुत बड़ी सेवा की।

बहरहाल हम ने कानून से नहीं लड़ना न हम लड़ते हैं जहां तक भौतिक चीज़ों का सवाल है हमें इसकी कोई परवाह नहीं। ठीक है नुकसान कर दें। हां अपने विश्वास और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर पूर्ण विश्वास का और तौहीद को अपने दिलों में गाड़ने का जहां तक सवाल है, हम अपनी जानें कुर्बान कर सकते हैं लेकिन इससे हटने वाले नहीं लेकिन हमेशा हम यही कहते आए हैं और उसके लिए कुरबानी भी देते आए हैं कि ला इलाहा इल्लल्लाह मुहम्मद रसूलुल्लाह के एलान से हम पीछे नहीं हटेंगे।

ये लोग तो औपचारिक मीलाद मनाते हैं रसम के तौर पर इक्टठे होते हैं तकरीरें कीं और उन की जो तकरीररें हैं उनमें से भी अधिकांश पाकिस्तान में केवल अहमदियों को गालियां देने के और कुछ नहीं होती। अस्थायी तौर पर यह एक जोश निकाल लेते हैं गन्दी गालियां बकते हैं और यह समझते हैं कि उन्होंने इस्लाम की बहुत बड़ी सेवा कर ली लेकिन वास्तविक सेवा का बीड़ा तो जमाअत अहमदिया ने उस समय उठाया था जब हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने पहले दावा किया और आपने यही फरमाया कि तौहीद और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सम्मान को स्थापित करने के लिए आया हूँ। पुन: इस्लाम का पुनर्जागरण मेरे माध्यम से होना है और फिर उस समय ख़िलाफत सानिया में जब एक समय में आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ख़िलाफ ग़ैर मुसलमानों ने अख़बारों और पुस्तकों में बेहूदा बातें कीं। बेहद गंदी भाषा का इस्तेमाल करते हुए लिखना शुरू किया उस समय हज़रत ख़लीफतुल मसीह सानी ने बड़े पैमाने पर भारत में सीरत सम्मेलन आयोजित कीं और अहमदियों और ग़ैर अहमदी मुसलमानों सब से कहा कि अब यह समय है कि मतभेद छोड़कर इकट्ठे होकर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का और इस्लाम की रक्षा करो और व्यापक रूप से आपने इन सम्मेलनों की शुरूआत की बल्कि जो शरीफ़ ग़ैर मुस्लिम थे आप ने ग़ैर मुस्लिमों को भी आमंत्रित किया। मुसलमानों के तो ईमान का हिस्सा है कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर पूर्ण ईमान लाऐं और आप के सम्मान और मर्यादा की रक्षा करें लेकिन हज़रत मुस्लेह मौऊद ने फरमाया कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के परोपकार तो सारी दुनिया पर हैं आप तो रहमतुन लिल आलमीन हैं इसलिए ग़ैर मुस्लिम भी जो शरीफ हैं वे भी आप की सीरत वर्णन करें। इसलिए कई ग़ैर मुस्लिम पढ़े लिखे लोगों ने जिनमें हिंदू भी शामिल थे आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जीवनी पर अपने लेख पढ़े। कादियान में जब पहला जलसा 1928 ई में हुआ तो उसमें हिंदू कवियों की दो नअतें भी पढ़ी गईं।

(तारीख अहमदियत भाग 5 पृष्ठ 43)

सारे भारत में हज़रत ख़लीफतुल मसीह सानी की तहरीक पर सीरत सम्मेलन आयोजित हुए जैसा कि मैंने कहा और बावजूद सैद्धांतिक और विश्वास के मतभेदों के तत्कालीन ग़ैर अहमदियों ने मौलवियों सहित (कुछ ने इस अभियान का विरोध भी किया थी) लेकिन उनमें लेकिन बहुत सारे ऐसे थे जिन्होंने इस परियोजना को और इस प्रयास को सफल बनाया। इसलिए अख़बारों ने इस पर टिप्पणी भी की और समाचार भी प्रकाशित हुए।

एक अख़बार " मशरिक" गोरखपुर 21 जून 1928 ई में उसने लिखा कि भारत में यह इतिहास हमेशा जीवित रहेगा। क्योंकि इस तिथि में आला हज़रत आकाए दो जहान सरदार कौनीन सरदार कौनो व मकां मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का ज़िक्रे ख़ैर किसी न किसी रूप में मुसलमानों के हर फिर्का ने किया और हर शहर में यह कोशिश की गई कि अव्वल दर्जे पर हमारा शहर रहे। जिन दोस्तों ने इस मौके पर फूट और धमकी देकर उपद्रव के लिए पोस्टर लिखे।(कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने विरोध करना ही करना होता है) और भाषण लिखकर हमारे पास भेजे (अर्थात अख़बार के पास) वे बहुत मूर्ख हैं अख़बार लिखने वाला कहता है वे बहुत मूर्ख हैं जो हमारे विश्वास से परिचित नहीं। हमारा विश्वास है कि जो व्यक्ति ला इलाहा इल्लल्लाह मुहम्मद रसूल अल्लाह पर ईमान रखे वह नाजी है। आगे लिखता है कि बहरहाल 17 जून को जलसा की सफलता पर हम इमाम जमाअत अहमदिया आदरणीय मिर्ज़ा महमूद अहमद को बधाई देते हैं। अगर शिया व सुन्नी और अहमदी इसी तरह साल भर में दो चार बार एक जगह जमा हो जाया करेंगे तो कोई शक्ति इस्लाम का मुकाबला इस देश में नहीं कर सकती।

(तारीख़ अहमदियत भाग 5 पृष्ठ 36-37)

फिर एक अखबार 'सुल्तान' कलकत्ता से प्रकाशित होता है। यह बंगाली अख़बार है उसने 21 जून में लिखा कि जमाअत अहमदिया ने 17 जून को रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जीवनी का वर्णन करने के लिए भारत भर में जलसे आयोजित किए। हमें सूचना मिली है कि लगभग सभी जगह सफल जलसे हुए और यह एक तथ्य है कि इस इलाके में अहमदियों को ऐसी भव्य सफलता मिली है कि इससे पहले कभी नहीं हुई और इससे मालूम होता है कि जमाअत अहमदिया प्रतिदिन शक्तिशाली हो रही है और लोगों के दिलों में जगह मिल रही है हम ख़ुद भी इस शक्ति को स्वीकार करते हैं और उनकी सफलता की कामना है।

(तारीख़ अहमदियत भाग 5 पृष्ठ 37-38)

तो यह उस समय अख़बारों ने भी लिखा और ग़ैरों ने साथ भी दिया। इसलिए कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की प्रतिष्ठा का प्रश्न था। जमाअत अहमदिया किसी से प्रशंसा लेने की ज़रूरत नहीं यह कोशिश तो हज़रत ख़लीफतुल मसीह सानी रज़ियल्लाहो अन्हो ने इसलिए की थी कि इस्लाम दुश्मनों और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर हंसी ठठा करने वालों को यह पता चले कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का स्थान क्या था और यह कि इस बात पर मुसलमान एक हैं। कादियान में कुछ हिंदुओं ने आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जीवनी पर भाषण दिए। अल्फज़ल ने विशेष रूप से उस समय ख़ातमन्नबिय्यीन नंबर प्रकाशित किया और उसके बाद से जमाअत अहमदिया नियमित सीरत नबी के जलसे आयोजित करती है। आप ने चार पाँच जो बिन्दु दिए थे उनमें यह भी था एक के बजाय केवल 12 रबीउल अव्वल को सारे साल में विभिन्न समयों में सीरत के जलसे होने चाहिए।

(तारीख़ अहमदियत भाग 5 पृष्ठ 31)

बहरहाल यह जमाअत अहमदिया का इतिहास है और जलसे आयोजित कर रहे हैं और अब तो अल्लाह तआला की कृपा से दुनिया के दो सौ से अधिक देशों जहां जमाअत अहमदिया स्थापित हो चुकी है ये जलसे आयोजित किए जाते हैं और इंशा अल्लाह तआला अहमदी ही हैं और हमेशा रहेंगे जो मकाम ख़त्म नबुव्वत की सही समझ रखते हैं और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के उचित स्थान से दुनिया को परिचित करा रहे हैं। यह इसलिए कि हमें इस ज़माने के इमाम मसीह मौऊद और महदी मअहूद अलैहिस्सलाम ने बताया कि अगर ख़ुदा तआला तक पहुंचना है तो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दामन को पकड़ो कि आप ही अब मुक्ति की राह हैं और कोई साधन नहीं। आप अलैहिस्सलाम ने फरमाया।

"वह है मैं चीज़ क्या हूँ"

(कादियान के आर्या और हम, रूहानी ख़ज़ायन भाग 20 पृष्ठ 456)

आप ने कभी भी अपने आप को बड़ा नहीं साबित किया। हमेशा आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का सम्मान ही वर्णन किया।

फिर इस आरोप को खारिज करते हुए कि हम आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ख़ातमन्नबिय्यीन नहीं मानते आप अलैहिस्सलाम एक जगह फरमाते हैं कि

"यह भी याद रखना चाहिए कि मुझ पर और मेरी जमाअत पर जो आरोप लगाया जाता है कि हम अल्लाह तआला के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ख़ातमन्नबिय्यीन नहीं मानते यह हम पर महान झूठ है। हम जिस शक्ति, विश्वास अनुभूति और अंतर्दृष्टि के साथ आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ख़ातमुल अंबिया मानते और विश्वास करते हैं उसका लाखवां हिस्सा भी दूसरे लोग नहीं मानते और उनका ऐसा सामर्थय ही नहीं है वह तथ्य और रहस्य को जो ख़ातमुल अंबिया की ख़त्म नबुव्वत में है, समझते ही नहीं। उन्होंने केवल बाप दादा से एक शब्द सुना हुआ है लेकिन इस तथ्य से अनजान हैं और नहीं जानते कि खत्म नबुव्वत क्या होता है और उस पर ईमान करने से अभिप्राय क्या है? मगर हम पूर्ण अंतर्दृष्टि से (जिसे अल्लाह तआला बेहतर जानता है) आँ हज़रत स अलैहि वसल्लम को ख़ातमुल अंबियाअ विश्वास करते हैं और ख़ुदा तआला ने हम पर ख़त्म नबुव्वत की सच्चाई को ऐसे रूप में खोला गया है कि इरफान के शर्बत जो हमें पिलाया गया है एक विशेष आनन्द पाते हैं जिसका अंदाज़ा कोई नहीं कर सकता सिवाय जो लोग इस चश्मे से तृप्त हों।

(मल्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 342 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

इसलिए जो हमें खत्म नबुव्वत का इनकार करने वाला समझते हैं वे खुद अंधे हैं और उनके दिल खोखले हैं सिवाय नारा लगाने और फत्ना तथा उपद्रव और तोड़फोड़ के उनके पास और है ही क्या। क्या इस्लाम का जो संदेश इस समय जमाअत अहमदिया दुनिया में फैला रही है वह इस बात की काफी दलील नहीं है कि हज़रत ख़ात्मुल अंबिया मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की अपनी उम्मत के लिए मांगी गई दुआओं से मसीह मौऊद की जमाअत ही हिस्सा ले रही है।

फिर खत्म नबुव्वत की सच्चाई बयान फरमाते हुए हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम बयान फरमाते हैं कि

"हमें अल्लाह तआला वह नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम दिया जो ख़ात्मुल मोमनीन ख़ात्मुल आरफीन और ख़ातमन्नबिय्यीन है और इसी तरह वह किताब उस पर अवतरित की जो समस्त किताबों की व्यापक और ख़ात्मुल कुतब है। रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जो ख़ातमन्नबिय्यीन हैं और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर नबुव्वत समाप्त हो गई तो यह नबुव्वत इस तरह से खत्म नहीं हुई जैसे कोई गला घोंट कर समाप्त करे। ऐसा समाप्त गर्व नहीं होता बल्कि सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर नबुव्वत समाप्ति से यह अर्थ है कि भौतिक रूप में आप (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) पर नबुव्वत के कमाल खत्म हो गए अर्थात वे सभी विविध कमाल जो आदम से लेकर मसीह मरियम तक नबियों को दिए गए थे किसी को कोई और किसी को कोई वे सभी आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम में जमा कर दिए गए और उस पर आप अपने आप ख़ातमन्नबिय्यीन ठहरे और ऐसा ही वे समस्त शिक्षाएं,उपदेश और मआरिफ़ जो विभिन्न पुस्तकों में चले आते हैं वे कुराआन शरीफ पर आकर खत्म हो गई और कुराआन शरीफ ख़ात्मुल कुतब ठहरा।

(मल्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 341-342 प्रकाशन 1985 ई यू.के)

फिर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के स्थान और मकाम का वर्णन कहते हुए कि प्रत्येक युग के लिए ज़िन्दा रसूल केवल मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ही हैं हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं

"क्या इस्राईल के शेष यहूदी या हज़रत मसीह अलैहिस्सलाम को ख़ुदावन्द ख़ुदा पुकारने वाले ईसाइयों में कोई है जो उनके निशानों से मेरा मुकाबला करे। मैं पुकार कर कहता हूँ कि कोई नहीं एक भी नहीं। फिर यह हमारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सामर्थ्य पूर्ण मोजज़ा दिखाने की शक्ति को दर्शाता है क्योंकि यह माना हुआ मसला है कि अनुकरण किए जाने वाले नबी मोजज़े ही वे मोजज़े कहलाते हैं जो किसी अनुकरण कारी के हाथ पर प्रकट हों। इसलिए जो निशान आदतों से हट कर मुझे दिए गए हैं जो पेशगोईयों का भव्य निशान मुझे दिया गिया है यह वास्तव में रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के जिन्दा मोज़ज़े (चमत्कार) हैं और किसी दूसरे नबी के अनुकरण कारी को यह आज गर्व नहीं है कि वह इस तरह से घोषणा कर प्रकट कर दे कि वह भी अपने अंदर ही अपने अनुकरण किए जाने वाली की कुव्वते कुदसी से आदत से हटकर निशान दिखा सकता है। यह गर्व केवल इस्लाम को है और इसी से मालूम होता है कि प्रत्येक युग के लिए जीवित रसूल केवल मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ही हो सकते हैं जिनके पवित्र बरकतों और

कुव्वते कुदसिया के कारण से हर ज़माने में एक ख़ुदा का बन्दा ख़ुदानुमाई का सबूत देता रहता है।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 413-414 प्रकाशन)

फिर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के स्थान और मकाम, आपकी विनय तथा विनम्रता और अल्लाह तआला तक पहुँचने के लिए आप की मुहब्बत में समर्पित होने के बारे में अल्लाह तआला के फरमान का ज़िक्र करते हुए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि

"हदीस में आया है कि अगर कृपा न होता तो मुक्ति न होती।" (यह अल्लाह तआला का फज़ल है जिसके कारण मुक्ति होती है।)" ऐसा ही हदीस से मालूम होता है कि हज़रत आयशा रज़ियल्लाहो अन्हा ने आप से सवाल किया (आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से एक बार पूछा) कि या हज़रत क्या आप का भी यही हाल है।"(यह जो आप ने फरमाया कि यदि अल्लाह तआला की कृपा न हो तो मुक्ति न होती तो आपका भी यही हाल है?) "आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सिर पर हाथ रखा और फरमाया।"हाँ।" आप फरमाते हैं कि "यह आप (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) की पूर्ण अबोदियत का प्रकट करना था जो ख़ुदा तआला की रबोबियत को अवशोषित कर रहा था।" फिर आप ब्यान फरमाते हैं कि "हम ने ख़ुद अनुभव कर देखा है और कई बार आज़माया है बल्कि हमेशा देखते हैं कि जब विनम्रता और विनय की हालत चरम को पहुंचती है और हमारी रूह इस अबोदियत और विनय में बह निकलती है और अत्यधिक देने वाले अल्लाह तआला के आस्ताना पर पहुंच जाती है तो एक रौशनी और नूर ऊपर से उतरता है और ऐसा लगता है जैसे एक नाली के माध्यम से शुद्ध पानी दूसरी नाली में पहुंचता है तो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हालत जितना कुछ स्थानों पर विनम्रता और विनय की पूर्णता पर पहुंची हुई नज़र आती है वहाँ लगता है कि उतनी ही आप (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) रूहुल कुदुस के समर्थन और नूर से सहायता प्राप्त और प्रकाशित हैं जैसा कि हमारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने व्यावहारिक और कार्यात्मक स्थिति से दिखाया है। यहां तक कि आप (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) के नूरूं और बरकतों का दायरा इतना व्यापक है कि प्रत्येक युग तक इसका नमूना और प्रतिरूप नज़र आता है। अत: इस ज़माना में भी जो ख़ुदा तआला का फ़ैज़ और फज़ल प्रकट हो रहा है वह आप (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) का पालन करना और आप (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) के अनुकरण से मिलता है।" फरमाया "मैं सच कहता हूँ कोई व्यक्ति वास्तविक नेकी करने वाला और ख़ुदा तआला की ख़ुशी को पाने वाला नहीं ठहर सकता और इन पुरस्कारों और बरकतों और मआरिफ़ और तथ्यों और कशफों से लाभांवित नहीं हो सकता जो उच्च स्तर की आत्म शुद्धि पर मिलते हैं जब तक कि वह रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अनुसरण में खोया न जाए और इस का सबूत खुद ख़ुदा तआला के कलाम से मिलता है।(अल्लाह तआला फरमाता है कुरआन शरीफ में फरमाता है कि)

قُلۡ اِنۡ كُنۡتُمۡ تُحِبُّوۡنَ اللّٰهَ فَاتَّبِعُوۡنِىۡ يُحۡبِبۡكُمُ اللّٰهُ

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 203-204 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

यदि अल्लाह तआला की मुहब्बत चाहते हो तो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से कहलवाया कि आप का अनुसरण करो तो अल्लाह तआला की मुहब्बत मिलेगी।

फिर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और कुरआन नाज़िल करने का उद्देश्य बयान फरमाते हुए हज़रत मसीह मौऊद फरमाते हैं कि

"मैंने कई बार इस से पहले भी वर्णन किया है और अब भी यह वर्णन करना लाभ से खाली नहीं है इसलिए मैं फिर कहना चाहता हूँ कि अल्लाह तआला जो नबियों को भेजता है और आख़िर में आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को उसने दुनिया के निर्देश के लिए भेजा और कुरआन को उतारा तो उसका उद्देश्य क्या था? प्रत्येक व्यक्ति जो काम करता है उस का कोई न कोई उद्देश्य होता है ऐसा समझना कि कुरआन शरीफ उतारने या आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भेजने के भेजने से अल्लाह तआला की कोई ग़रज़ और उद्देश्य नहीं है बहुत बड़ी गुस्ताख़ी और बेअदबी है क्योंकि इस में (मुआज़ अल्लाह) अल्लाह तआला की तरफ एक व्यर्थ कार्य को सम्बंधित किया जाएगा है। (फिर अल्लाह तआला की ओर सम्बंधित करना फ़िज़ूल बात होगी) हालांकि उसकी हस्ती पवित्र है। अत: याद रखो कि कुरआन मजीद के भेजने और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बेअसत से अल्लाह तआला ने चाहा है कि ताकि दुनिया में महान रहमत का नमूना दिखाए जैसे फरमाया। وَمَآ اَرۡسَلۡنٰكَ اِلَّا رَحۡمَةً لِّلۡعٰلَمِيۡنَ (अल् अंबिया 108) और ऐसा ही कुरआन भेजने का उद्देश्य बताया कि هُدًى لِّلۡمُتَّقِيۡنَ (अल्बकर: 3)यह ऐसे महान उद्देश्य हैं कि उनकी मिसाल नहीं पाई जा सकती।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 1 पृष्ठ 340 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

फिर कुरआन की ऊंची शान होने और इस बात की व्याख्या फरमाते हुए कि कुरआन में विविध पुस्तकों के सभी कमाल जमा हैं और केवल बतौर किस्सा के नहीं बल्कि एक मोमिन के लिए पालन करने के लिए कर रहे हैं आप फरमाते हैं

"अल्लाह तआला ने चाहा है कि जैसे सभी विविध कमाल जो नबियों में थे वह रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अस्तित्व में जमा कर दिए। इसी प्रकार से सभी खूबियां और कमाल जो विविध किताबों में थे वे कुरआन शरीफ में कर दिए और ऐसा ही जितने कमाल सभी उम्मतों में थे इस उम्मत में जमा कर दिए। अत: ख़ुदा तआला चाहता है कि हम इन कमालों को पा लें और यह बात भी भूलनी नहीं चाहिए कि जैसे वह भव्य कमाल हम को देना चाहता है उसी के अनुसार उस ने हमें शक्तियां भी प्रदान की हैं क्योंकि अगर इसके अनुसार शक्तियां न दी जाती तो फिर हम इन कमालों को किसी रूप में और स्थिति में पा ही नहीं सकते थे। इसकी मिसाल ऐसी है जैसे कोई व्यक्ति एक समूह की दावत करे तो ज़रूर है कि इस गिरोह की संख्या के अनुसार भोजन तैयार करे और इसी के अनुसार एक मकान यानी दावत की जगह भी हो। यह कभी नहीं हो सकता कि दावत तो एक हज़ार आदमी की करे और उनके बिठाने के लिये एक छोटी सी झोपड़ी बना दे" (निमंत्रण करे हज़ार आदमी की और जगह बिल्कुल थोड़ी सी रखे।" नहीं बल्कि वह इस संख्या का पूरा ध्यान रखेगा। इसी तरह से ख़ुदा तआला की किताब भी एक दावत और भोज है। (क़ुरआन करीम एक दावत और भोज है) जिसके लिए कुल दुनिया को बुलाया गया है(यह दावत यह शरीयत (व्यवस्था) सारे संसार के लिए है। इस दावत के लिए ख़ुदा तआला ने जो मकान तैयार किया है वह मानव शक्तियां हैं" (इंसान में जो शक्तियां हैं वे बैठने के लिए मकान है। इसलिए हर इंसान का यह कहना कि हम कुरआन के अमुक आदेश का पालन नहीं कर सकते। यह बड़ा कठिन है। यह ग़लत है। अल्लाह तआला ने इंसानों को वे शक्तियां दी हैं कि उन पर अमल हो सके। फिर आप फरमाते हैं कि) "जो उन लोगों को दिए गए हैं जो इस उम्मत में हैं।" मुसलमानों में इन वास्तविक मुसलमानों में जो शुद्ध होकर अपने विश्वास पर कायम हैं उन्हें यह शक्तियां दी गई हैं।) फिर फरमाया कि "शक्तियों के बिना कोई काम नहीं हो सकता।" आप फरमाते हैं कि "अब अगर बैल कुत्ते या किसी और जानवर के सामने कुरआन की शिक्षाओं को पेश करें तो वह नहीं समझ सकते क्योंकि उनमें शक्तियां नहीं हैं जो वे कुरआन की शिक्षाओं को सहन कर सकें लेकिन अल्लाह तआला ने हमें वह शक्तियां दी हैं कि हम उन से लाभ उठा सकते हैं।

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 340-341 प्रकाशन यू.के)

इसलिए अगर इंसान अपने आप को यह कह जानवर न समझे कि हमें शक्तियां नहीं हमें ताकतें नहीं, कुरआन का पालन कर सकें अल्लाह तआला एक सच्चे मुसलमान को वे शक्तियां दी हैं और उन्हें फिर निखार मनुष्य का काम है ताकि कुरआन की आज्ञाओं पर अमल करे।

मुसलमानों के व्यवहार क्या हैं? और आप कैसे इस्लाम और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का सम्मान रखते हुए नसीहत फ़रमाते हैं इस बात का वर्णन कहते हुए कि इस युग में सबसे बड़ी इबादत क्या है? फरमाया कि

" एक मुसलमान के लिए ज़रूरी है कि इस ज़माना के बीच जो इस्लाम पर फित्ना पड़ा हुआ है उसे दूर करने में कुछ हिस्सा ले। बड़ी इबादत यही है कि इस फ़ित्ने के दौर में प्रत्येक मुसलमान कुछ भाग ले। इस समय जो बुराइयां और गुस्ताख़ियाँ फैली हुई हैं चाहिए कि अपने भाषण और ज्ञान के द्वारा और प्रत्येक बल के साथ जो उसे दी गई है। ईमानदारी से कोशिश के साथ इन बातों को दुनिया से उठाए। अगर इसी दुनिया में किसी को आराम और सुख मिल गयाई तो क्या फायदा। अगर दुनिया में भी स्थिति पा ली तो क्या मिलता है। परलोक का इनाम लो जिसकी सीमा नहीं। प्रत्येक मुसलमान को ख़ुदा तआला की तौहीद के लिए ऐसा जोश होना चाहिए जैसा कि ख़ुदा तआला को अपनी तौहीद का उत्साह है। विचार करो कि दुनिया में इस तरह का पीड़ित कहाँ मिलेगा जैसा कि हमारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हैं। कोई गंद और गाली और बुरी बात नहीं जो आपकी तरफ न फेंकी गई हो। क्या यह समय है कि मुसलमान चुप होकर बैठे रहें। अगर इस समय कोई व्यक्ति खड़ा नहीं होता और सच्चाई के लिए गवाही देकर झूठे का मुंह बंद नहीं करता और वैध रखता है कि काफिर लोग अभद्रता से हमारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर आरोप लगाते जाएं और लोगों को गुमराह करते जाएं तो याद रखो वे वास्तव में

बड़ी पूछताछ के नीचे है। चाहिए कि जो कुछ ज्ञान और परिचिय प्राप्त है वह इस राह में खर्च करो। (तुम्हारा अपना जितना धर्म का ज्ञान है इस मार्ग पर खर्च करो) "और लोगों को इस मुसीबत से बचाओ। हदीस शरीफ से साबित है कि यदि तुम दज्जाल को न मारो तब भी वह तो मर ही जाएगा। कहावत प्रसिद्ध है। "हर कमाले रा ज़वाल।" तेरहवीं सदी से यह आफ़्तें शुरू हुईं और अब समय आ रहा है कि उसका अंत हो जाए इसलिए प्रत्येक मुसलमान का कर्तव्य है कि जहां तक हो सके पूरी कोशिश करे। नूर और रौशनी लोगों को दिखाए

(मल्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 394-395 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

और इस नूर और रोशनी को दिखाने के लिए और फैलान के लिए जैसा कि पहले भी मैंने कहा अल्लाह तआला ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को भेजा और हम भाग्यशाली हैं कि हम आप की बैअत में आए हैं अब इस मिशन को आगे चलाना भी हमारा काम है।

हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम बराहीन अहमदिया में अपने एक इल्हाम का उल्लेख करते हुए फरमाते हैं।

" जो इल्हाम है वह यह है कि सल्ले अला मुहम्मदिन व आले मुहम्मदिन सय्यद इब्ने आदम ख़ातमुल नबिय्यीन और दरूद भेज मुहम्मद और आले मुहम्मद पर जो सरदार है आदिम के बेटों का और ख़ात्मुल अंबिया है सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम।" आप फरमाते हैं कि "यह इस बात का संकेत है ये सब सम्मान और उपकार और इनाम उसी के द्वारा हैं और उसी से प्यार का ये बदला हैं। सुबहान अल्लाह उस सर्वर कायनात के हज़रत अहदयत में क्या ही क्या उच्च सम्मान हैं और किस प्रकार का सानिध्य है कि उसका प्यारा ख़ुदा का प्रिय बन जाता है और उसका सेवक एक दुनिया का मख़दूम बन जाता है।

हैच महमूब नमानद हमचू यार दिलबरम
मुहर व मह रा नीस्त दर दयार दिलबरम
आं कजा रोए कि दारद हमचू रोश आबो हयात
